आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 24.12.2024
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- न्यायमूर्ति गुहानाथन नरेंद्र उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश होंगे।
- प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को हर महीने मादक द्रव्य समन्वय की बैठक कर रिपोर्ट समय से प्रस्तुत करने के निर्देश।
- केंद्र ने पांचवीं और आठवीं कक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रोन्नत करने की नीति समाप्त की।
- राज्य के ऊपरी इलाकों में बर्फबारी और निचले हिस्सों में बारिश से तापमान में गिरावट।

## उत्तराखंड उच्च न्यायालय मुख्य न्यायाधीश

न्यायमूर्ति गुहानाथन नरेंद्र उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश होंगे। वे वर्तमान में आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश हैं। न्यायमूर्ति जी. नरेंद्र कर्नाटक हाईकोर्ट के वरिष्ठतम न्यायाधीश थे, और वे इस वर्ष 10 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश स्थानांतरित हुए थे।

## मादक द्रव्य समन्वय बैठक

प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को हर महीने मादक द्रव्य समन्वय की बैठक कर इसकी रिपोर्ट समय से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। सचिवालय में आयोजित राज्य स्तरीय नारकोटिक्स समन्वय बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने यह निर्देश दिए। देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंह नगर, चमोली और चंपावत जिले में इस वर्ष एक भी जिला स्तरीय नारकोटिक्स समन्वय बैठक आयोजित ना किए जाने पर सख्त नाराजगी जताते हुए श्रीमती रतूड़ी ने सम्बन्धित जिलाधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और गृह सचिव को इस सम्बन्ध में तत्काल पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने बैठक के दौरान नशे के दुरुपयोग पर कड़ी निगरानी रखने के लिए मेडिकल स्टोरों पर सीसीटीवी लगाने के निर्देश भी दिए हैं।

## केन्टर रिले रैली

नैनीताल जिले में 38वें राष्ट्रीय खेलों के शुभंकर, जर्सी व एंथम के प्रचार–प्रसार के लिए आज से दो दिवसीय केन्टर रिले यात्रा यानि टार्च रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने बताया कि पहली केन्टर रिले रैली बेतालघाट के मिनी स्टेडियम से शुरू होकर कैंची धाम, रामगढ़ होते हुए नैनीताल पहुंचेगी।

जबकि दूसरी टार्च रैली भीमताल के मिनी स्टेडियम से शुरू होकर धारी, ओखलकाण्डा होते हुए जिले के दूरस्थ क्षेत्र खनस्यूं तक जाएगी। वहीं तीसरी रिले यात्रा राजकीय इंटर कॉलेज, लालकुआँ से आरम्भ होगी और हल्द्वानी होते हुए अपने गन्तव्य रामनगर को रवाना होगी। इन रैलियों के सफल संचालन के लिए कार्मिकों और खेल प्रशिक्षकों की तैनाती कर दी गई है।

## नगर निकाय चुनाव

उत्तराखंड में नगर निकाय चुनाव की तिथि घोषित कर दी गई है। इसके साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, चुनाव 23 जनवरी को होंगे और मतगणना 25 जनवरी को की जाएगी। इस चुनाव में राज्य के 11 नगर निगम, 43 नगर पालिका परिषद और 46 नगर पंचायतों के अध्यक्ष और सदस्य चुने जाएंगे। आगामी नगर निकाय चुनाव के लिए राज्य में एक हजार पांच सौ अट्ठारह मतदान केंद्र और तीन हजार तीन सौ तिरानवे मतदान स्थल निर्धारित किए गए हैं। इनमें छह सौ एक संवेदनशील और पांच सौ चौदल अति संवेदनशील मतदान केंद्र शामिल हैं।

## प्रशासन गांव की ओर

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में प्रशासन गांव की ओर के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक कार्यों को और प्रभावी रूप से लागू करना और सुशासन सुनिश्चित करना है। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने सुझाव दिए और कार्यों की प्रगति पर चर्चा की।

## महत्वपूर्ण निर्णय

केंद्र सरकार ने पांचवीं और आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में फेल होने वाले विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रोन्नत करने वाली नीति खत्म कर दी है। शिक्षा सचिव संजय कुमार ने बताया कहा कि पांचवीं और आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में फेल होने वाले विद्यार्थियों को दो महीने के भीतर दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलेगा। दोबारा परीक्षा के बाद अगर वे फिर से अनुर्तीण होते हैं तो उन्हें अगली कक्षा में प्रोन्नत नहीं किया जाएगा।

<u>गुणवत्तापूर्ण शिक्षा</u>

उत्तरकाशी जिले के डुंडा विकासखंड के थाती धनारी गांव में सरकारी स्कूल को बचाने के लिए ग्राम प्रधान द्वारा की गई पहल रंग लाई है। यहां पलायन के कारण घटती छात्र संख्या को देखते हुए अंब्रेला योजना बनाई गई, जिसके तहत आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय को एक ही छत के नीचे लाया गया है। एक रिपोर्ट–

निवर्तमान प्रधान तनुजा चौहान के नेतृत्व में यह योजना तैयार की गई, जिसमें ग्राम पंचायत, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, स्पेशल कंपोनेंट प्लान, बाल विकास और मनरेगा के तहत करीब 37 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया। इस बजट से स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्र के भवनों की मरम्मत, खेल मैदान का समतलीकरण, शौचालयों का निर्माण और अन्य आवश्यक सुविधाओं का विस्तार किया गया है। तनुजा चौहान बताती हैं कि इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण पलायन को रोकना और शिक्षा को सुलभ, आकर्षक और गुणवत्तापूर्ण बनाना है, ताकि ग्रामीण बच्चों की शिक्षा का स्तर सुधर सके। इस प्रयास के बाद अब स्कूलों में छात्रसंख्या में वृद्धि हो रही है और अभिभावकों का विश्वास भी बढ़ा है। यह कदम ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

<u>बारिश/बर्फबारी</u>

राज्य के ऊपरी इलाकों में बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश के कारण तापमान में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। चमोली, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी और टिहरी सहित राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई है। वहीं, राज्य के मैदानी हिस्सों में भी विभिन्न स्थानों पर हल्की बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई है। इस बीच, मौसम विभाग का कहना है कि राज्य के कुछ हिस्सों में आज भी बारिश और हल्की बर्फबारी हो सकती है। इसके अलावा, मौसम विभाग ने 27 और 28 दिसंबर को प्रदेश के सभी जिलों में बारिश और दो हजार पांच सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का अनुमान व्यक्त किया है।

<u>मॉक ड्रिल</u>

उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और वन विभाग ने जंगलों में लगने वाली आग पर प्रभावी नियंत्रण के लिए मॉक ड्रिल की तैयारियां शुरू कर दी हैं। यह मॉक ड्रिल 22 जनवरी को राज्य के सात जिलों अल्मोड़ा, नैनीताल, चंपावत, देहरादून, टिहरी, उत्तरकाशी और पौड़ी में आयोजित की जाएगी। इससे पहले तैयारियों को लेकर सात जनवरी को ओरिएंटेशन और कोऑर्डिनेशन बैठक और 20 जनवरी को टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन किया जाएगा। राज्य के विभिन्न रेखीय विभागों और संबंधित जिलों के प्रभागीय वन अधिकारियों को मॉक ड्रिल को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

राज्य में नगर निकाय चुनावों की ख़बर सभी समचार पत्रों के पहले पृष्ठ में है। अमर उजाला लिखता है— उत्तराखंड में नगर निकायों का चुनाव 23 जनवरी को, आचार संहिता लागू, 27 से 30 दिसंबर तक होंगे नामांकन, मतगणना 25 जनवरी को। इसी ख़बर पर दैनिक जागरण की सुर्खी है— महापौर के तीन व अध्यक्ष के तैंतीस पदों पर बदला आरक्षण।

सरकारी सेवाओं में चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण की ख़बर पर हिंदुस्तान समाचार पत्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखता है— डेढ़ वर्ष में दस लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी।

बर्फबारी की तस्वीरों के साथ अमर उजाला समाचार पत्र ने लिखा है— पहाड़ों में बर्फबारी, मैदानी में बूंदाबांदी ने बढाई सर्दी। पर्वतीय जिलों में आज भी बारिश, बर्फबारी की संभावना, चमोली की नीति घाटी में झरने के साथ नदी भी जमी।

पानी—सीवरेज बिल पर विलंब शुल्क माफ। इस ख़बर के साथ हिंदुस्तान समाचार पत्र के अनुसार विलंब शुल्क माफी से तीन लाख अड्सठ हजार उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा।